NBT
नवभारत टाइम्स

Bihar News: औरंगाबाद में ब्रांडेड की आड़ में नकली कपड़ों का व्यापार, बड़ा खुलासा

औरंगाबाद: शहर में ब्रांडेड कपड़ों की आड़ में नकली कपड़ों की धड़ल्ले से बिक्री की शिकायत मिल रही थी। इसके बाद एक कंपनी की जांच टीम अचानक औरंगाबाद पहुंच गई। इसके बाद उसकी 5 सदस्यीय जांच टीम ने शहर के कई नामी गिरामी कपड़े के शोरूम और आउटलेट्स में अचानक छापा मारा और बेचे जा रहे कपड़ो की जांच की । दो प्रतिष्ठित कपड़े के शोरूम विशाल गारमेंट और खुशी क्लॉथ सेंटर की जब उन्होंने जांच की तब उनके होश उड़ गए। टीम ने पाया कि वहां उनकी ब्रांड बताए जा रहे सारे कपड़े नकली और बेहद ही घटिया क्वालिटी के हैं। जांच टीम में शामिल लोगों ने नगर थाने की पुलिस की मदद से लाखों रुपयों के कपड़ों को जब्त कर लिया और उसे थाने ले आई। इतना ही नहीं इस मामले में पुलिस ने 2 को आरोपी मानते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया है और कंपनी से जुड़े प्रतिनिधियों की शिकायत पर पायरेसी एक्ट और टैक्स चोरी किए जाने का मामला दर्ज कर लिया है। इधर दुकान मालिक ने भी नकली कपड़ो के बेचने की बात कबूलते हुए बताया कि ज्यादा मुनाफा के लालच में वो ऐसा कर रहे थे। मौके पर मौजूद कंपनी के जांच अधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए कपड़ों में जीन्स, टीशर्ट और शर्ट हैं जिनकी कीमत लाखों

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/bihar/aurangabad/bihar-police-arrested-two-businessman-for-selling-duplicate-cloth-on-the-name-of-brand/videoshow/115525398.cms